118/131

प्रमुख सचिव

राजस्थान विधान सभा,

जयपुर।

विषय- कार्य संचालन एवं प्रक्रिया के नियम 131 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव- विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने के बाबत।

महोदय,

प्रक्रिया के नियम 131 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए अवगत कराना चाहता हूँ कि शिव विधानसभा क्षेत्र वर्तमान समय में एक गहरे बिजली संकट से गुजर रहा है। यहां पर किसानों को बिजली मात्र 3 घंटे या उससे भी काम मिल रही है और उस दौरान भी यहां अघोषित बिजली कटौती हो जाती है।

वर्तमान में शिव में एक मात्र 132 केवी का सबस्टेशन लगा हुआ है जो कि अपनी क्षमता के कई गुना अधिक लोड पर चल रहा है जहां पर लोड बढ़ने के कारण अघोषित लोड सेडिग लेनी पड़ती है। इस 132 केवी सबस्टेशन पर किसी तरह की खराबी आने पर क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति हो जाती है। क्षेत्र में 220 केवी का एक सबस्टेशन निर्माणाधीन है जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2016 में शुरू हुआ था पर अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसके कुछ सेगमेंट के टेंडर भी अभी तक नहीं हो पाए है।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए यहाँ 220 केवीए सबस्टेशन का निर्माण अति शीघ्र करवाने की आवश्यकता है तथा इस क्षेत्र के अन्य जगहों पर 132 केवी के सबस्टेशन का निर्माण करवाएँ जाएँ जिससे विद्युत तंत्र मजबूत हो।

मैं इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय का ध्यान मेरे क्षेत्र में सुचारु विद्युत आपूर्ति के अभाव की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

धन्यवाद।

भवदीय,

(रविन्द्र सिंह भाटी)

विभाजन संख्या- 126